# शरणार्थी दावेदारों के लिए जानकारी

## 1. सामान्य जानकारी:

कैनेडा सरकार के निम्नलिखित विभाग शरणार्थी दावों से निपटते हैं:

- **इमिग्रेशन, रिफ्यूजी ऐंड सिटिजन्शिप कैनेडा (IRCC)** (www.cic.gc.ca): IRCC यह निर्धारित करता है कि कैनेडा के अंदर दायर किया गया शरणार्थी दावा क्या इमिग्रेशन ऐंड रिफ्यूजी बोर्ड ऑफ कैनेडा (IRB) को भेजने योग्य है या नहीं।
- **कैनेडा बॉर्डर सर्विसज़ ऐजंसी (CBSA)** (www.cbsa-asfc.gc.ca):CBSA निर्धारित करती है कि क्या किसी कनेडियन पोर्ट ऑफ ऐंट्री (यानि हवाई अड्डा, भूमि सीमा पर या समुद्री बंदरगाह पर) या किसी इनलैंड एन्फोर्समेंट कार्यालय पर किया गया शरणार्थी दावा IRB को भेजे जाने के लायक है।
- **इमिग्रेशन ऐंड रिफ्यूजी बोर्ड ऑफ कैनेडा (IRB)** (www.irb-cisr.gc.ca): IRB इमिग्रेशन और शरणार्थी निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार एक स्वतंत्र निकाय है

## 2. अपने शरणार्थी दावे को जमा करना

आप शरणार्थी संरक्षण का दावा कर सकते हैं:
जब आप पोर्ट ऑफ ऐंट्री पर पहुंचे तो स्वयं एक CBSA अधिकारी के सामने;
**या**
यदि आप पहले से ही **कैनेडा** के अंदर हैं तो Canadian Refugee Protection Portal (CRPP) के माध्यम से ऑनलाइन

यदि कोई अधिकारी तुरंत यह तय नहीं कर सकता कि आप पात्र हैं, तो वे आपको दावा दावे की पावती **(Acknowledgement of Claim)** जारी करेंगे । यह एक अस्थायी दस्तावेज है जो

- इस बात की पुष्टि करता है कि आपने एक शरणार्थी दावा किया है
- दिखाता है कि आप इंटेरिम फ़ेडरल हेल्थ प्रोग्राम (Interim Federal Health Program) में शामिल हैं
- यदि आप सामाजिक सेवाओं के लिए आवेदन करते हैं तो सहायता मिल सकती है

जब हम आपके दावे की पात्रता पर निर्णय ले लेते हैं, तो हम आपको **शरणार्थी संरक्षण दावेदार दस्तावेज़ (Refugee Protection Claimant Document (RPCD))** जारी करेंगे।

RPCD कैनेडा में शरणार्थी दावेदार के रूप में आपके मुख्य दस्तावेज के रूप में दावे की पावती की जगह लेता है।

RPCD दस्तावेज -

- दिखाता है कि आपका दावा IRB भेजा गया है
- सेवाएं प्राप्त करने में आपकी सहायता कर सकता है और
- पुष्टि करता है कि आप इंटेरिम फ़ेडरल हेल्थ प्रोग्राम में शामिल हैं

**कृपया ध्यान दें**

- **यदि आप CRPP के माध्यम से अपना दावा ऑनलाइन करते** हैं, तो IRCC आपको संपर्क करके बॉयोमैट्रिक्स (उंगलियों के निशान) देने के लिए एकअपॉइंटमेंट बुक करेगा । आपको एक पात्रता इन्टव्यू में भी भाग लेना होगा।
- **यदि आप अपना दावा किसी पोर्ट ऑफ ऐंट्री पर करते हैं**, तो आपको दावा के आधार फार्म (Basis of Claim) पूरा करना होगा। आपको इस फॉर्म को मेल करने का निर्देश दिया जा सकता है, या इसे CRPP पर अपलोड करने का निर्देश दिया जा सकता है (अधिक जानकारी के लिए, धारा 11 देखें)। CBSAआपको किसी अन्य अगले चरण के बारे में भी सूचित करेगा।
- **यदि आपका दावा योग्य पाया जाता** है, तो आपको IRB के शरणार्थी संरक्षण विभाग (Refugee Protection Division) में अपनी सुनवाई में अवश्य भाग लेना होगा। IRB सुनवाई की तारीख और स्थान की जानकारी देने के लिए बाद में आपसे संपर्क करेगा।
- यदि आपका दावा अपात्र पाया जाता है, या IRB में आपका दावा रद्द हो जाता है, तब भी आप इंटेरिम फ़ेडरल हेल्थ प्रोग्राम और प्रांतीय सेवाओं के हकदार हो सकते हैं; जब तक आपको कैनेडा से हटाया नहीं जाता।
- कृप्या सुनिश्चित करें कि कनेडियन शरणार्थी संरक्षण पोर्टल पर आपके दवारा प्रदान की गई संपर्क जानकारी (जिसमें आपका पता, फोन नंबर और ईमेल शामिल है) सही हो।
- यदि आपकी संपर्क जानकारी बदलती है तो कृपया https://secure.cic.gc.ca/enquiries-renseignements/ canada-case-cas-eng.aspx पर जाकर और “Change of Contact Information” का चयन करके इसको ऑनलाइन अप्डेट करें।

## 3. इंटेरिम फ़ेडरल हेल्थ प्रोग्राम

**इंटेरिम फ़ेडरल हेल्थ प्रोग्राम (IFHP)** के तहत, कैनेडा सरकार कुछ स्वास्थ्य सेवा सेवाओं या उत्पादों की लागत को कवर करती है। आपका **दावेदार दस्तावेज की पावती** या **शरणार्थी संरक्षण दावेदार दस्तावेज़** इंगित करता है यदिआप IFHP कवरेज के लिए पात्र हैं या नहीं।

सभी पात्र दावेदारों की कैनेडा में, कहीं भी और किसी भी **IFHP** स्वास्थ्यसेवा प्रदाता के पास सेवाओं और उत्पादों के लिये पहुंच है। पंजीकृत प्रदाताओं की एक सूची www.ifhp-pfsi.ca पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

उनसे कोई भी सेवाएं प्राप्त करने से पहले, आपको इस बात की पुष्टि करनी चाहिए कि स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता IFHP के साथ पंजीकृत हैं । हर विजिट पर अपने स्वास्थ्यसेवा प्रदाता को एक वैध **दावे की पावती** या **शरणार्थी संरक्षण दावेदार दस्तावेज़** प्रस्तुत किया जान चाहिये।

IFHP और उसमें कौन से उत्पाद और सेवाएं शामिल हैं, इस जानकारी के लिए ऑनलाइन जाएं : www.canada.ca/ifhp या www.ifhp-pfsi.ca

## 4. इमिग्रेशन चिकित्सा परीक्षा

एक शरणार्थी दावेदार के रूप में, आपको एक **अनिवार्य चिकित्सा परीक्षा** देनी पड़ेगी । इसका IFHP द्वारा भुगतान किया जाता है।

केवल कुछ डॉक्टर ही इन चिकित्सा परीक्षाओं को कर सकते हैं। प्रत्येक प्रांत या क्षेत्र में IRCC की ओर से इन परीक्षाओं को करने वाले डॉक्टरों की सूची और निर्देश IMM 1017 (Medical Report) मेडिकल रिपोर्ट फार्म पर उपलब्ध हैं ।

IRCC-3302-04-2022_Hin Ci44-25/2021Hin-PDF 978-0-660-42880-2

आप सूची में से एक डॉक्टर को चिकित्सा परीक्षा नियुक्ति के लिए संपर्क करें । आपको निम्नलिखित दस्तावेजों को अपॉइंटमेंट में लाना होगा:

- IMM1017 मेडिकल रिपोर्ट फॉर्म और
- आपकी दावे की पावती या शरणार्थी संरक्षण दावेदार दस्तावेज़

## 5. वर्क परमिट और सोशल इंश्योरंश नंबर

कैनेडा में कानूनी तौर पर काम करने के लिए, आपके पास **वर्क परमिट** और **सोशल इंश्योरेंस नंबर** (Social Insurance Number) होना चाहिए।

आप किसी भी नियोक्ता के लिए काम करने के लिए नो-फीस वर्क परमिट के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसकी वैधता अवधि वर्क परमिट पर निर्दिष्ट की जाएगी।

इससे पहले कि IRCC वर्क परमिट जारी करे, निम्नलिखित कदम लेने जरुरी हैं :

- आपके दावे की पात्रता पर निर्णय लिया जाना चाहिए
- आपका इमिग्रेशन चिकित्सा परीक्षण पूरा और पारित होना चाहिए और
- बॉयोमैट्रिक्स (उंगलियों के निशान और तस्वीरें) लिया जाना चाहिए (धारा 8 देखें)

आपने अपने इमिग्रेशन चिकित्सा परीक्षण को पूरा कर लिया है, उसका सबूत "IME" नंबर है, या eMedical जानकारी पत्र की एक प्रति है (इसके लिए परीक्षा करने वाले डॉक्टर से अनुरोध किया जा सकता है (धारा 4 देखें))।

यदि आप शरणार्थी दावा प्रक्रिया के दौरान वर्क परमिट के लिए आवेदन नहीं करते हैं, तो आप बाद में www.cic.gc.ca पर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

आपको वर्क परमिट मिलने के बाद **सोशल इंश्योरेंस नंबर** के लिए आवेदन करना होगा। आप यह ऑनलाइन, मेल द्वारा या सर्विस कैनेडा सैन्टर (Service Canada Centre ) पर इन-पर्सन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया की जानकारी https://www.canada.ca/en/employment-social-development/services/sin.html पर मिल सकती है। स्थानीय सर्विस कैनेडा सेन्टर (Service Canada Centre) खोजने के लिए, 1-800-O-Canada (1-800-622-6232) पर कॉल करें ।

## 6. स्टडी परमिट

18 से कम आयु के किसी भी व्यक्ति ने शरणार्थी दावा किया है, या जो शरणार्थी दावेदार का आश्रित बच्चा है, वह **बिना स्टडी परमिट के** पूर्व स्कूल, प्राथमिक या माध्यमिक स्तर (ग्रेड 12 तक) में अध्ययन कर सकता है । स्कूल पंजीकरण के लिए, बच्चे के **दावे की पावती** या **शरणार्थी संरक्षण दावेदार दस्तावेज़** आवश्यक है

माध्यमिक स्तर (कॉलेज या विश्वविद्यालय) में अध्ययन करने का इरादा रखने वाले सभी दावेदारों के लिए एक स्टडी परमिट की आवश्यकता होती है । कानूनी तौर पर कैनेडा में अध्ययन करने के लिए, और इससे पहले कि एक स्टडी परमिट जारी किया जाए, इमिग्रेशन चिकित्सा परीक्षण पूरा और पारित किया जाना चाहिए।

स्टडी परमिट के लिए आवेदन www.cic.gc.ca पर उपलब्ध है। शरणार्थी दावेदारों के लिए स्टडी परमिट के लिए आवेदन करने के लिए कोई शुल्क नहीं है ।

स्टडी परमिट आवेदन के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों की आवश्यकता होती है:

- **दावे की पावती या शरणार्थी संरक्षण दावेदार दस्तावेज़** की एक प्रति (धारा 2 देखें)
- एक नामित शिक्षण संस्थान से स्वीकृति का प्रमाण
- क्यूबेक प्रांत में अध्ययन करने के लिए, आप्रवासन और सांस्कृतिक समुदाय विभाग (Ministère de l'Immigration et des Communautés culturelles) द्वारा जारी क्यूबेक स्वीकृति प्रमाणपत्र (Certificat d'acceptation du Québec) (CAQ) अनिवार्य है। इस प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, देखें : https://www.immigration-quebec.gouv.qc.ca/en/immigrate-settle/students/

## 7. वकील प्रप्त करने का अधिकार

एक शरणार्थी दावेदार के रूप में, आपको शरणार्थी दावा प्रक्रिया के दौरान **अपने खर्च पर** वकील (एक वकील या अन्य पेशेवर प्रतिनिधि) द्वारा प्रतिनिधित्व करने का अधिकार है; **लेकिन** पोर्ट ऑफ एंट्री प्रवेश पर प्रारंभिक इनट समय हमेशा नहीं । यदि आप वकील के लिए भुगतान नहीं कर सकते, तो आप सहायता के लिए एक प्रांतीय या क्षेत्रीय कानूनी सहायता कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं ।

कैनेडा सरकार सभी के साथ समान व्यवहार करती है, चाहे वे वकील की सेवाओं का इस्तेमाल करें या नहीं । यदि आप वकील करते हैं, तो आपके आवेदन पर विशेष ध्यान **नहीं दिया जाएगा**।

किसी प्रतिनिधि की सेवाएं लेने के बारे में जानकारी के लिए: www.cic.gc.ca/english/ information/representative/index.asp

**नोट:** स्थानीय टेलीफोन डाइरेक्टरी देखें या प्रांतीय और क्षेत्रीय कानूनी सहायता सेवाओं के वेबपेजों को देखने के लिए इस लिंक का उपयोग करें: https://www.justice.gc.ca/eng/fund-fina/gov-gouv/aid-aide.html

## 8. बॉयोमैट्रिक्स (उंगलियों के निशान और तस्वीरें)

यदि आप पहले से ही कैनेडा में हैं और आप CRPP के माध्यम से ऑनलाइन शरणार्थी दावा प्रस्तुत करते हैं, तो आपसे पूछा जाएगा

- बॉयोमैट्रिक्स संग्रह के लिए एक IRCC कार्यालय को रिपोर्ट करें
- अपनी पहचान और अन्य सभी प्रासंगिक दस्तावेज का प्रमाण प्रस्तुत करें, और
- एक अनुसूचित पात्रता इन्टव्यू के लिए आएं

यदि आप पोर्ट ऑफ एंट्री पर अपना दावा करते हैं, तो एक CBSA अधिकारी आपके बॉयोमैट्रिक्स लेगा और पहचान और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज का प्रमाण एकत्र करेगा। आप या तो वहां पात्रता इन्टव्यु पूरा करेंगे, या अधिकारी आपको कैनेडा में प्रवेश करने की अनुमति दे सकता है और आगे की परीक्षा के लिए आपको CBSA कार्यालय में लौटने के लिए एक तारीख और समय निर्धारित कर सकता है ।

## 9. कैनेडा में पात्रता इन्टव्यु या पोर्ट ऑफ एंट्री पर परीक्षण प्रक्रिया

पात्रता इन्टव्यु या परीक्षा में, एक अधिकारी--

- तय करेगा कि आपका दावा IRB को भेजे जाने के योग्य है या नहीं
- आपको एक RPCD जारी (धारा 2 देखें) करेगा
- हटाने का आदेश जारी करेंगा:
  - ~ **यदि आपका दावा** IRB को **भेजे जाने के योग्य** है, तो हटाने का आदेश **सशर्त** होगा (यानी, लागू नहीं), जब तक IRB द्वारा निर्णय नहीं लिया जाता है।
  - ~ **यदि आपका दावा पात्र (अपात्र) नहीं** है, तो हटाने का आदेश लागू होगा।
  - ~ हटाने के आदेश के बारे में अधिक जानकारी के लिए, धारा 12 देखें
- आपको IRB प्रक्रिया के बारे में एक जानकारी पैकेज प्रदान करते हैं।

## 10. संपर्क जानकारी

सभी दावेदारों को पता या संपर्क जानकारी में किसी भी परिवर्तन के IRCC को सूचित करना होगा। "Change of Contact Information" का चयन करके सभी अपडेट https://secure.cic.gc.ca/enquiries-renseignements/canada-case-cas-eng.aspx ऑनलाइन पूरे किए जा सकते हैं।

## 11. इमीग्रेशन एंड रिफ्यूजी बोर्ड दावेदार किट

सभी पात्र दावेदारों को IRB (IRB) दावेदार किट दी जाती है । किट में महत्वपूर्ण जानकारी शामिल है । कैसे-

- दावे का आधार फार्म पूरा करें
- पेश होने के लिए नोटिस को समझें और
- IRB में सुनवाई के लिए तैयारी करें

इस किट में निम्नलिखित शामिल हैं:

*दावे का आधार फॉर्म (Basis of Claim form)*

**यह दस्तावेज सभी दावेदारों के लिए अनिवार्य है। प्रत्येक व्यक्ति के पास अपना दावे का आधार फार्म होना चाहिए।**

यदि आप पोर्ट ऑफ ऐंट्री पर शरणार्थी दावा करते हैं, तो आपको दावे का आधार फॉर्म पूरा करना होगा और 15 दिनों के भीतर सीधे IRB को मेल करना होगा। यदि IRB को 15 दिनों के भीतर दावे का आधार फार्म प्राप्त नहीं होता है, तो IRB घोषणा कर सकता है कि आपका दावा छोड़ दिया गया है।

यदि आप CRPP के माध्यम से अपना दावा ऑनलाइन जमा करते हैं, तो दावे का आधार फॉर्म सहायक दस्तावेज के रूप में अपलोड किया जाना चाहिए।

**नोट:** यह सुनिश्चित करना दावेदार की जिम्मेदारी है कि उनके वकील समय पर IRB को दावे का आधार फार्म प्रस्तुत करते हैं ।

*दावेदार की गाइड (Claimant's Guide)*

दावेदार की गाइड IRB शरणार्थी संरक्षण प्रभाग की प्रक्रिया बताती है और इस लिंक पर देखी जा सकती है । https://irb.gc.ca/en/refugee-claims/Pages/ClaDemGuide.aspx

*आपके पेश होने के नोटिस (Notice to Appear)के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश*

इन निर्देशों में सुनवाई के लिए पेश होने के लिए नोटिस और अतिरिक्त शरणार्थी दावा प्रसंस्करण जानकारी शामिल है।

*प्रांतीय और प्रादेशिक कानूनी सहायता संपर्क जानकारी*

यदि आप कानूनी सलाह के लिए भुगतान नहीं कर सकते हैं, तो आप कानूनी सहायता के लिए पात्र हो सकते हैं ।

*वकील संपर्क सूचना फार्म (IRB/CISR 687):*

यदि किसी दावेदार ने वकील (वकील या सलाहकार, जो उचित नियामक निकाय के अच्छे सदस्य हैं) रखा है, तो वकील संपर्क सूचना प्रपत्र (Counsel Contact Information form) को वकील द्वारा पूरा किया जाना चाहिए और IRB को प्रस्तुत किया जाना चाहिए: (https://irb-cisr.gc.ca/en/forms/Documents/IrbCisr10102_e.pdf)

यदि वकील की फीस एक प्रांतीय या क्षेत्रीय कानूनी सहायता सेवा द्वारा भुगतान की जा रही है तो भी यही लागू होता है।

यदि दावेदार वकील बदलता है, नया वकील संपर्क सूचना फार्म भरा जाना चाहिए और IRB को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

*निःशुल्क के प्रतिनिधित्व की सूचना का फार्म (IRB/CISR 692):*

यदि आपके वकील का भुगतान नहीं किया जा रहा है, तो उन्हें नि: शुल्क प्रतिनिधित्व की सूचना का फार्म (Notice of Representation without a Fee form ) पूरा करना होगा और IRB को प्रस्तुत करना होगा।

यदि आप ने वकील किया है, लेकिन **IRB को IRB/CISR 687 या IRB/CISR 692** फॉर्म प्राप्त नहीं होता है, तो आपके वकील को IRB के समक्ष आपकी ओर से कार्रवाई करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है ।

## 12. हटाने के आदेश

आम तौर पर, ज्यादातर शरणार्थी दावेदारों को हटाने का आदेश उनकी पात्रता निर्णय के समय जारी किया जाता है । यदि आपके खिलाफ़ हटाने का आदेश जारी किया जाता है, तो आपको इसकी एक प्रति दी जाएगी

यदि आप शरणार्थी संरक्षण प्रभाग को भेजे जाने के लिए पात्र माने जाते हैं, तो जब तक एक निर्णय आपके दावे पर नहीं होता तब तक आप कैनेडा में रह सकते है । यदि आपका दावा शरणार्थी संरक्षण प्रभाग द्वारा स्वीकार किया जाता है, तो आपका निष्कासन आदेश लागू करने योग्य नहीं है और आप स्थायी निवास के लिए आवेदन कर सकते हैं।

यदि आप अपात्र पाए जाते हैं, या निर्धारित होता है कि दावा छोड़ दिया या वापस लिया , या शरणार्थी संरक्षण प्रभाग आपके दावे को खारिज कर देता है, तो आपका निष्कासन आदेश लागू हो जाएगा ।

यदि आपका प्रस्थान आदेश जारी किया गया, तो प्रस्थान आदेश लागू होने की आपको सलाह दी जाएगी, और आपको 30 दिनों के भीतर कैनेडा छोड़ देना होगा। कैनेडा छोड़ने से पहले, आपको अपने नियोजित प्रस्थान से पहले एक CBSA कार्यालय को सूचित करना चाहिए ताकि वे आपके प्रस्थान की पुष्टि करने की व्यवस्था कर सकें। यदि आप 30 दिनों के भीतर कैनेडा नहीं छोड़ते हैं, या आप अपने प्रस्थान की पुष्टि करने के लिए CBSA के साथ व्यवस्था नहीं करते हैं, तो प्रस्थान आदेश स्वचालित रूप से **निर्वासन आदेश** बन जाएगा।

## 13. कोविड-19 जानकारी

कोविड-19 IRCC प्रक्रियाओं को कैसे प्रभावित कर रहा है, उसके बारे में जानकारी के लिए, कृपया देखें: https://www.canada.ca/en/immigration-refugees-citizenship/ services/coronavirus-covid19.html

इसके दौरान सुरक्षित रहने के बारे में जानकारी के लिए, कृपया पब्लिक हेल्थ एजेंसी ऑफ़ कनाडा की कोविड-19 संबंधी वेबसाइट (Public Health Agency of Canada) देखें । आपको समझने में मदद करने के लिए इस वेबसाइट पर कई भाषाओं में संसाधन है।